दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-
फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 11 अप्रैल 2020
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## कोरोना: सबकी बात सुनी जाए

देश की अधिकतर राजनीतिक पार्टियां अभी लॉकडाउन को पूरी तरह हटाने के पक्ष में नहीं हैं। उनका मानना है कि इसे हटाया भी जाए तो चरणबद्ध तरीके से। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में विभिन्न राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स के साथ बातचीत की। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए हुई इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के सामने पांच मांगें रखी गईं, जिनमें बजट घाटे के लिए निर्धारित राज्य एफआरबीएम सीमा को 3 से बढ़ाकर 5 फीसदी करने, राज्यों को उनका बकाया जल्दी देने, राहत पैकेज को जीडीपी के एक फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी करने, कोरोना टेस्ट को फ्री करने और पीपीई समेत सभी मेडिकल इ्िपमेंट मुहैया कराने की बात शामिल है। ज्यादातर नेताओं का मानना था कि लॉकडाउन के सकारात्मक नतीजे निकले हैं, लेकिन संक्रमितों की संख्या अब भी लगातार बढ़ रही है लिहाजा इसे अभी नहीं बल्कि धीरे-धीरे करके ही हटाया जाए।

पहले इसे ग्रामीण इलाकों से हटाया जाए क्योंकि कई इलाकों में फसल कटाई का काम आगे नहीं टाला जा सकता। शहरों में भी अधिक प्रभावित क्षेत्रों में बाद में हटाया जाए, कम प्रभावित इलाकों में शुरू में हटाया जा सकता है। सांसदों की यह भी राय थी कि राहत कार्यों को लेकर सरकार की जो नीतियां हैं, उनका ठीक से प्रचार किया जाए ताकि जरूरतमंद उसका लाभ ले सकें। कोरोना के खिलाफ संयुक्त रणनीति बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी लगातार देश के जिम्मेदार लोगों से बात कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्षी दलों के कई नेताओं से बातचीत की थी और बीते दो अप्रैल को राज्यों के मुख्यमंत्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया था। अभी के माहौल में प्रधानमंत्री को व्यापक राजनीतिक दायरे से सलाह लेनी चाहिए और वहां से आ रहे सुझावों पर विचार करना चाहिए, चाहे वे किसी की भी तरफ से आए हों। पिछले दिनों सोनिया गांधी ने पत्र लिखकर पीएम को कुछ सुझाव दिए लेकिन कई वरिष्ठ बीजेपी नेता तुरंत उनकी आलोचना में जुट गए। किसी व्यक्ति की मंशा पर सिर्फ इसलिए सवाल नहीं खड़े किए जाने चाहिए कि वह विपक्ष का है। सोनिया गांधी ने पत्र लिखकर कहा कि सरकार और सरकारी उपक्रमों द्वारा दिए जाने वाले विज्ञापनों का खर्च बचाया जाए। उन्होंने 20,000 करोड़ की लागत से किए जा रहे 'सेंट्रल विस्टा' ब्यूटीफिकेशन एवं कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट को स्थगित करने, सरकार के खर्चे कम करने, नेताओं की गैर जरूरी विदेश यात्राओं पर रोक लगाने और 'पीएम केयर्स' फंड की संपूर्ण राशि को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष' ('पीएम-एनआरएफ') में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया और इससे बचने वाली राशि को कोरोना से लड़ने और कमजोर तबकों को मदद पहुंचाने में लगाने को कहा। इस तरह के सुझावों पर सहमत होना या न होना सरकार की पसंद पर निर्भर करता है। सरकार इन सुझावों को नहीं मानती है तो न माने, लेकिन फिलहाल तो अपने दरवाजे सभी आवाजों के लिए खुले रखे।

## लॉकडाउन के बाद उड़ाने शुरू होने पर इंडिगो यात्रियों को नहीं देगी सुविधा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोरोना वायरस के कारण लगाए लॉकडाउन के खत्म होने और वाणिज्यिक यात्री विमानों के फिर से उड़ान भरने के बाद इंडिगो बार-बार अपने विमानों की अच्छे तरीके से सफाई करेगा, कुछ वक्त के लिए विमान में भोजन परोसना बंद करेगा अैर हवाईअड्डे पर चलने वाली बसों में अधिकतम 50 फीसदी सीटें ही भरेगा।





इस संदर्भ में एयरलाइन के सीईओ रोनजॉय दत्ता ने शुक्रवार को कहा, इन जैसी परिस्थितियों में कंपनियां वृद्धि या लाभ का प्रबंधन नहीं करती बल्कि नकदी के प्रवाह का प्रबंधन करती है। इसका मतलब है कि हमारा एकमात्र ध्यान नकदी के प्रवाह पर है। हम अपनी सभी निर्धारित लागतों का अध्ययन कर रहे हैं और उन्हें कम करने के रास्ते तलाश रहे हैं। दत्ता ने कहा कि लॉकडाउन के बाद इंडिगो की योजना सबसे पहले सेवाओं को शुरू करना तथा धीरे-धीरे क्षमता बढ़ाना होगा।

दत्ता ने शुक्रवार को कर्मचारियों को किए ईमेल में कहा, हम हमेशा से सुरक्षा का अधिक ख्याल रखते हैं और अब हमें स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना होगा। इसे ध्यान में रखते हुए हम अपनी कई प्रक्रियाओं को बदलने पर विचार कर रहे हैं। नई प्रक्रियाएं अभी तय नहीं हुई हैं। इसमें कहा गया है, लेकिन हम अपने विमानों को पहले के मुकाबले कई बार अच्छे तरीके से साफ करेंगे, हम कुछ समय के लिए विमान में भोजन परोसने की सेवा बंद करेंगे और हम अपने कोच को 50 फीसदी तक ही भरेंगे। हम जल्द ही नयी प्रक्रियाएं लेकर आएंगे।

भारत ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी पर लगाम लगाने के लिए 21 दिन का लॉकडाउन लागू कर रखा है। इसके साथ ही सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री उड़ानों को इस अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है।

## लॉकडाउन में इंडियन ऑयल ने की 3.38 करोड़ सिलिंडर की डिलिवरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने लॉकडाउन के दौरान पहले 15 दिन में 3.38 करोड़ गैस सिलिंडर की डिलिवरी की है।


लॉकडाउन की घोषणा के बाद से ही लोगों जरूरी सामानों का भंडारण शुरू कर दिया है। रसोई गैस सिलिंडरों की बुकिंग में भी भारी इजाफा देखा गया है। इंडियन ऑयल ने बताया कि 25 मार्च से 08 अप्रैल के बीच लॉकडाउन के 15 दिन में उसने 3.38 करोड़ रिफिल सिलिंडर की डिलीवरी की है। यह औसतन करीब 26 लाख सिलिंडर प्रति दिन है।

इंडियन ऑयल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ग्राहकों को आश्वस्त किया कि रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और वे घबराहट में आकर सिलिंडर बुक न करायें। उसने बताया कि कंपनी ने अप्रैल और मई में 50 फीसदी अतिरिक्त रसोई गैस के आयात के लिए समझौता किया है। साथ ही रसोई गैस की अपनी रिफाइनरियों में उत्पादन बढ़ा दिया है। बोटलिंग संयंत्रों में दिन-रात, यहाँ तक कि छुट्टियों के दिन भी, काम चल रहा है।

कंपनी ने बेतहाशा बुकिंग पर रोक लगाने के लिए इससे पहले बुकिंग के नियमों में बदलाव किया था और अब दो सिलिंडर की बुकिंग में कम से कम 15 दिन का अंतर अनिवार्य कर दिया गया है।


## एडीबी ने भारत को 2.2 अरब डॉलर की सहायता देने का वादा किया

**नई दिल्ली ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासत्सुगु असकावा ने शुक्रवार को कोरोना वायरस महामारी से लड़ने में भारत की मदद के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 2.2 अरब अमरीकी डालर (लगभग 16,500 करोड़ रुपये) की मदद का भरोसा दिया। असकावा ने महामारी की रोकथाम के लिए भारत सरकार के उपायों की सराहना की। इन उपायों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकालीन कार्यक्रम, उद्योगजगत को कर और अन्य राहत तथा 26 मार्च को घोषित



1.7 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक राहत पैकेज शामिल है। सरकार ने तीन सप्ताह के देशव्यापी लॉकडाउन से प्रभावित गरीबों, महिलाओं और श्रमिकों को तत्काल नकद और राशन जैसी सहायता मुहैया कराने के लिए इस राहत पैकेज की घोषणा की है। असकावा ने कहा, ''एडीबी भारत की आपातकालीन जरूरतों में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डु प्रीज का निधन



**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर और जिम्बाब्वे के चयनकर्ता जॉन हारकोर्ट का लंबी बीमारी के बाद 77 साल की उम्र में निधन हो गया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए बताया कि डु प्रीज जो जैकी के नाम से मशहूर थे उनका बुधवार को हरारे में निधन हो गया। वह कुछ समय से दिल की बमारी से जूझ रहे थे। डु प्रीज जिम्बाब्वे के उन खिलाड़ियों में से थे जो स्वतंत्रता से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए खेले थे। सीएसए के कार्यकारी मुख्य अधिकारी ने जैक्स फॉल ने कहा, सीएसए परिवार की तरफ से मैं उनके परिवार, दोस्तों और क्रिकेट के साथियों से अपनी संवेजनाएं व्यक्त करता हूं।

## अमेरिका ने चाइना टेलीकॉम पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी



**वाशिंगटन ।** अमेरिकी सरकार के शीर्ष विभागों ने कानूनी और सुरक्षा जोखिमों के चलते बीजिंग के नियंत्रण वाली कंपनी चाइना टेलीकॉम को अमेरिकी बाजार में सेवाएं देने से प्रतिबंधित करने की सिफारिश की है। न्याय विभाग ने गुरुवार को यह घोषणा की। रक्षा, विदेश और आंतरिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों ने एक व्यापक समीक्षा के बाद कहा कि संघीय संचार आयोग को चीनी कंपनी की अमेरिका में सहायक इकाई चाइना टेलीकॉम (अमेरिका) की अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार सेवाएं मुहैया करने के लिए दी गई सभी मंजूरियां निरस्त कर देनी चाहिए। न्याय विभाग ने एक बयान में कहा, ''कार्यकारी शाखा एजेंसियों ने चाइना टेलीकॉम के संचालन से जुड़े पर्याप्त और अस्वीकार्य राष्ट्रीय सुरक्षा तथा कानून प्रवर्तन जोखिमों की पहचान की है।'' न्याय विभाग ने कहा कि कंपनी ने अमेरिकी अधिकारियों को इस बारे में गलत जानकारी दी है कि वह अमेरिकी रिकॉर्ड को कहां संग्रहीत करती है और साइबर सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करती है। अमेरिका के दो सांसदों ने सितंबर 2019 में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर चाइना टेलीकॉम और एक अन्य कंपनी चाइना यूनिकॉम पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।

## ऐंड्रू फ्लिंटॉफ के ओवर को पॉन्टिंग ने कहा, इससे अच्छा ओवर नहीं खेला

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने ऐंड्रू फ्लिंटॉफ के एक ओवर को अपने करियर का सबसे सर्वश्रेष्ठ ओवर करार दिया है। 2005 की एशेज सीरीज के एजबेस्ट टेस्ट में फ्लिंटॉफ ने पॉन्टिंग को काफी परेशान किया था। इस ओवर में पॉन्टिंग बिलकुल भी सहज नजर नहीं आ रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को फ्लिंटॉफ ने ओवर की आखिरी गेंद पर आउट किया था। संयोग की बात यह है कि फ्लिंटॉफ ने उस ओवर में एक नो-बॉल



फेंकी थी और इस लिहाज से वह ओवर की सातवीं गेंद हो गई थी।

पॉन्टिंग ने इंग्लैंड क्रिकेट के ट्वीट पर जवाब दिया- एक क्लासिक रिवर्स स्विंग जिसकी रफ्तार 90 मील प्रति घंटे से ज्यादा थी। इंग्लैंड क्रिकेट ने इस विडियो के साथ कैप्शन दिया था- क्या रोंगटे खड़े होने के लिए कोई इमोजी होता है।

इससे पहले रिकी पॉन्टिंग ने कहा था कि एशेज 2005 की सीरीज सर्वकालिक बेस्ट सीरीज में शामिल है। हालांकि इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड ने माइकल वॉनर की कप्तानी में एशेज जीती थी। पॉन्टिंग ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के साथ इंस्टाग्राम पर बातचीत के दौरान कहा था- एशेज सीरीज में खेलना बचपन से मेरा सपना था।

## माता-पिता से दूर मुंबई में जैकलीन को सता रही यह चिंता

कोरोना वायरस के कारण देशभर में लॉकडाउन है। इस कारण जो जहां है, वहीं फंस गया है। ऐसे में जो अपने परिवार से दूर है, वह जल्द उनके पास पहुंचना चाहता है। हालांकि सभी जानते हैं कि कोरोना के चेन को



तोड़ने के लिए ये दूरी जरूरी है। कुछ ऐसे ही पल परिवार से दूर मुंबई में ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस बीता रही हैं। परिवार बहरीन में है और वह यहां मायानगरी में फंस गई हैं। इस अकेलेपन में जैकलीन को परिवार बहुत याद आ रहा है।

बता दें कि मुंबई में जैकलीन इस समय अपने घर पर बिल्कुल ही अकेली हैं। यही वजह है कि गल्फ देश में रह रहे उनके परिवार को उनकी चिंता अधिक सता रही है। इधर, जैकलीन भी परिवार के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित हैं।

जैकलीन ने कहा, मम्मी-पापा की चिंता मुझे अधिक है। वे कैसे होंगे। इस समय मुझे उनके साथ होना चाहिए था। पर, दुर्भाग्य से मैं यहां हूं। मेरे भाई ऑस्ट्रेलिया में हैं लेकिन वे रिमोट एरिया में हैं, ऐसे में उनकी चिंता उतनी नहीं है, जितनी मम्मी-पापा की।

तो फिर लॉकडाउन में अकेले क्या कर रही हैं? जैकलीन ने कहा कि वह हिंदी और उर्दू को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। किताबें पढ़ रही हैं। पियानो भी सीख रही हैं। जैकलीन के मुताबिक इस अकेलेपन में सोशल मीडिया उनके लिए किसी बड़े सहारे की तरह है।

जैकलीन ने कहा कि जब यह पता है कि अब कुछ दिन आप बाहर नहीं निकल सकते। फिल्म के सेट पर नहीं जा सकते। तो ऐसे समय में कुछ क्रिएटिव, कुछ बेहतर करने की कोशिश कीजिए। मैं भी यही कर रही हूं। इससे खुद को पॉजिटिव रख पाती हूं।

## आज का राशिफल

मेषः- मेष राशि के जातक ऊर्जा से भरे रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। वाणी की सौम्यता कार्यक्षेत्र में मददगार साबित होगी ।

वृषभः- वृष राशि के जातकों के लिए करियर में इन दिनों मुश्किल दौर चल रहा है। कार्यक्षेत्र में कुछ सुस्ती रहेगी। जिसकी वजह से कमाई के अवसर नहीं बन रहे हैं और खर्चे बहुत ज्यादा हैं।

मिथुनः- मिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय एकाग्र होकर काम करने का है। किसी भी तरह की लापरवाही नुकसान पहुंचा सकती है। हैं।

कर्कः- स्वभाव से अति संवेदनशील कर्क राशि के जातकों के लिए यह समय मन को सुकून देने वाला है। कार्यक्षेत्र में अपनी पूरी एनर्जी के साथ काम करके सफलता प्राप्त करेंगे।

सिंहः- सिंह राशि के जातकों का सारा फोकस भविष्य की प्लानिंग पर होगा। कार्यक्षेत्र में उनकी क्रिएटिविटी को सराहा जाएगा।

कन्याः- कन्या राशि के जातकों के लिए यह समय आत्ममंथन का है। कार्यक्षेत्र में परेशानियां क्यों आ रही है और उन्हें कैसे दूर किया जाए इस पर विचार करना जरूरी है।

तुलाः- तुला राशि के जातक अपने कार्य को बेहतरीन तरीके से करने का प्रयास करेंगे, ब्याज से संबंधित काम करने वाले जातकों को इस समय में लाभ होगा ।

वृश्चिकः- वृश्चिक राशि के जातकों को मेहनत करने के बाद भी मन वांछित फल ना मिलने की वजह से मन में अशांति रहेगी। खर्च को लेकर भी चिंतित रहेंगे।

धनुः- धनु राशि के जातकों का आत्मविश्वास, भाग्य का साथ और उनकी बुद्धिमत्ता कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाली है।

मकरः- मकर राशि के जातक इस समय आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। परंतु अति आत्मविश्वास काम खराब कर सकता है, अतः- निर्णय सोच-समझकर करें ।

कुंभः- कुंभ राशि के जातक जिन्हें एक स्थान पर बैठकर ही काम करना पसंद आता है। लॉकडाउन का यह पीरियड उनकी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का उत्तम समय है।

मीनः- मीन राशि के जातकों के लिए यह उत्तम समय है। कार्यक्षेत्र में की हुई मेहनत के फल मिलेंगे । वह जो भी इच्छा करेंगे उनकी इच्छापूर्ति का भी यह समय हैं ।

## राम-सीता के किरदार में ऋतिक और आलिया सही : दीपिका चिखलिया

लोकप्रिय सीरियल रामायण में सीता का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलिया का कहना है कि आज के समय में यदि रामायण पर आधारित फिल्म बनायी जाती तो राम और सीता के किरदार के लिये ऋतिक रौशन और आलिया भट्ट सही रहेंगे।



कोरोना वायरस (कोविड-19) के खतरे को देखते हुए भारत में लॉकडाउन किया गया है। इस बीच दूरदर्शन पर रामायण का फिर से प्रसारण किया जा रहा है। रामायण में सीता का किरदार निभाने वाली दीपिका चिखलिया ने रामायण को लेकर बातचीत की है। उन्होंने इस सवाल का भी जवाब दिया कि बॉलीवुड में यदि रामायण पर फिल्म बनती है तो आप किसे इन किरदारों में देखना चाहेंगी।

दीपिका चिखलिया ने कहा , रामायण के कई वर्जन आ चुके हैं। सीता एक लंबी महिला नहीं थीं। उनका सिर भगवान राम के सीने तक पहुंचता था इसलिए सीता के रोल के लिए बॉलीवुड में आलिया भट्ट सही रहेंगी। ऋतिक रोशन (भगवान राम के किरदार के लिए सही रहेंगे। वहीं रावण के कैरेक्टर के लिए अजय देवगन शानदार रहेंगे। बात करें लक्ष्मण की तो, मेरे हिसाब से वरुण धवन इस रोल के लिए परफेक्ट बैठेंगे।

## समाज को लौटाने में यकीन रखती हूं : रकुल प्रीत

कोरोनावायरस को फैलने से रोकने के चलते देशभर में 21 दिनों के लॉकडाउन के बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह गुरुग्राम में उनके घर के पास झुग्गियों में अपना गुजर बसर करने वाले 200 परिवारों की मदद कर रही हैं। उनका कहना है कि यह अपना आभार व्यक्त करने का उनका एक छोटा सा प्रयास है।



रकुल अपने माता-पिता कुलविंदर सिंह और राजेंद्र के साथ मिलकर इन लोगों को घर का बना हुआ खाना मुहैया करा रही हैं। उन्होंने कहा, मेरे पिता ने देखा कि इस पूरी झुग्गी में लोगों के पास अभी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं है। हम इन सभी लोगों को दो वक्त का खाना दिला रहे हैं और हमने सोचा है कि लॉकडाउन के पूरा होने तक ऐसा ही करते रहेंगे।

वह आगे कहती हैं, अगर लॉकडाउन आगे बढ़ता है, तो मैं यह करना जारी रखूंगी। अभी मैं अप्रैल तक ऐसा करते रहने के लिए प्रतिबद्ध हूं और बाद में परिस्थिति के हिसाब से देखा जाएगा।

## घर में ही बनाएं रेस्टोरेंट जैसा हनी चिली पोटैटो

**बाहर से खाना ऑर्डर नहीं कर पा रहे हैं तो क्यों न घर में ही अपनी फेवरेट चाइनीज डिशेज बनाई जाएं। आज बनाएंगे हनी चिली पोटैटो।**



### सामग्री :

आलू- 4 कटे हुए, कॉर्नफ्लोर- 3-4 टेबलस्पून, रिफाइंड तेल- 2 कप, लहसुन- 3,4 बारीक कटे, प्याज- 1/2 मोटा कटा हुआ, शिमला मिर्च-1/2 मोटी कटी हुई, हरे प्याज के पत्ते- 1/4 कप, काली मिर्च- 1/2 टीस्पून, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, सोया सॉस- 1/2 टेबलस्पून, टोमैटो सॉस-1 टेबलस्पून, शहद- 1 टेबलस्पून


### विधि :

आलू को छीलकर इसे फ्राइज के शेप में अच्छे से काट लें और धो लें। इसके बाद एक बाउल में आप मक्के का आटा, नमक और लाल मिर्च पाउडर को एक साथ मिक्स कर लें और कटे हुए आलू को इसमें डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब कढ़ाही में रिफाइंड गरम कर लें। गरम रिफाइंड में आलू को धीमी आंच में सुनहरे होने तक इसको डीप फ्राई कर लें। जब आलू सुनहरा हो जाए, तो उन्हें प्लेट में निकालकर रख दीजिए। अब दूसरा पैन गैस पर रख दें और उसमें रिफाइंड, लहसुन का पेस्ट, हरे प्याज के पत्ते डालकर तेज आंच में एक मिनट के लिए भून लें। इसके बाद इसमें शिमला मिर्च, शहद, नमक, सोया सॉस, चिली सॉस, टोमैटो सॉस, काली मिर्च पाउडर डालकर दो से तीन मिनट के लिए भून लें। अब एक कटोरी में कॉर्नफ्लोर और पानी को मिक्स करेंगे और कॉर्नफ्लोर घोल को ग्रेवी वाले मिक्सचर में डालकर ग्रेवी गाढ़ी होने तक पकाएंगे। इसके बाद इनमें तले हुए आलू और सफेद तिल डालकर इसे अच्छे से मिक्स कर ले। फिर इसे हरे प्याज के पत्तों के साथ गॉर्निश कर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 88

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 87 का हल



## सू-दोकू- 88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |